# लड़कियां में भी तेजी से बढ़ रहा तंबाकू का प्रचलन



वेबिनार से जुड़े लोग.

**भुरकुंडा.** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जुबली कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर वेबिनार का आयोजन किया गया. मौके पर प्राचार्य डॉ आरके दास ने कहा कि तंबाकू का सेवन भारत की संस्कृति नहीं रही है. पुर्तगालियों ने भारत में इसका प्रचलन शुरू किया, लेकिन अब हमें इतिहास व पुर्तगालियों को कोसने की नहीं, बल्कि स्वयं को सुधारने की जरूरत है. मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा योजना की विवि कार्यक्रम समन्वयक डॉ जॉनी रूफीना तिर्की ने कहा कि आज लड़कियां भी तंबाकू की गिरफ्त में आ रहीं हैं. ओड़िशा कैंसर केयर फाउंडेशन की पब्लिक हेल्थ एजुकेटर डॉ प्रणोति हिरालकर ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से तंबाकू के दुष्प्रभाव से अवगत कराया. कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इस मामले में जागरूकता का प्रचार-प्रसार कर समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं. वेबिनार का संचालन अमन हेंब्रम व अंजलि राज ने किया. इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विशेश्वर रविदास, शुभ्रा कुमारी, सोनाली सिंह, शशिकांत कुमार, सभ्यता भूषण, नितेश विश्वकर्मा, तुलसी कुमारी, राबिया परवीन, महेश कुमार महतो ने भी अपनी बातें रखी. धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक रंजन ने किया. वेबिनार में डॉ अर्जुन कुमार मिश्रा, डॉ शीला सिंह, डॉ बिगुल प्रसाद, संजीव सिंह, डॉ अतुल, अनुराग तिर्की, वंदना चौरसिया, डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ अवधेश सिंह, सौरव शर्मा, दयानंद कुमार यादव, आसिया खान, तेजवंत कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, अंकिता कुमारी, इशिका साव, सृष्टि कुमारी, प्रोमिला कुमारी, प्रिया वर्मा, मल्लिका पाठक, रितेश गुप्ता, दीपक कुमार, सुरभि कुमारी आदि मौजूद थे.

Scanned with CamScanner

# स्वयं सेवकों ने चलाया जागरूकता अभियान



**गिद्दी(हजारीबाग).** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के तत्वाधान में सोमवार को स्वयं सेवकों ने गिद्दी भुइयां टोली में कोरोना को लेकर जागरूकता अभियान चलाया. लोगों के बीच मास्क व साबुन का वितरण किया गया. गिद्दी चौक में सड़क पर चित्र प्रदर्शित कर कोरोना फाइटर के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया. स्वयं सेवक राबिया, पूजा कुमारी, कुलसुम व सिमरन मुंडा ने लोगों से कोरोना से बचने के लिए सामाजिक दूरी का पालन करने, नियमित अंतराज पर हाथ धोने व मास्क पहनने की अपील की. स्वयं सेवकों ने कहा कि लॉकडाउन का पालन होगा, तभी कोरोना को पराजित किया जा सकता है. स्वयं सेवकों ने लोगों से अरोग्य सेतू एप डॉनलोड करने, स्वच्छ रहने तथा रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिए घरेलू दवाओं का उपयोग करने की अपील की. इस कार्यक्रम के लिए जुबिली कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके दास ने स्वयं सेवकों को बधाई दी. इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अर्जुन कुमार मिश्रा, उदयशंकर भट्टाचार्य, मुखिया प्रेमलता सिन्हा, उपमुखिया अनन्या मुखर्जी, जयदेव मुखर्जी, अंकिता कुमारी, कहकशां परवीन उपस्थित थे.

05/05/2020

Scanned with CamScanner

**संदेश** गिद्दी चौक की सड़कों पर कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव संबंधित दी जानकारी

# तस्वीरों के जरिए स्वंय सेवकों ने लोगों को किया जागरूक

**संवाद सूत्र, गिद्दी (रामगढ़) :** एनएसएस जुबिली कॉलेज भुरकुंडा इकाई दो के स्वयं सेवकों ने गिद्दी चौक की सड़कों पर कोरोना वायरस संक्रमण के बचाव से संबंधित चित्र बनाकर सोमवार लोगों को शारीरिक दूरी का पालन करना ही बचाव का एक मात्र उपाय होने का संदेश दिया।

इस दौरान कोरोना संक्रमण से लड़ने वाले कोरोना योद्धा का आभार प्रकट किया। साथ ही स्वयं सेवकों ने हाथों में कोरोना वायरस से बचाव से जूड़े श्लोगन अंकित पोस्टर लेकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। इसके अलावे स्वयं सेवकों ने गिद्दी बालिका मध्य विद्यालय के पीछे बस्ती में स्वयं सेवकों द्वारा बनाए गए मास्क के साथ-साथ साबुन व सैनिटाइजर दिया।



गिद्दी चौक में सड़क पर चित्र के माध्यम से कोरोना का बचाव का संदेश देते स्वयं सेवक व अन्य ● जागरण

स्वयं सेवकों ने बस्ती में रहने वाले लोगों को कोरोना संक्रमण से बचने के लिए शारीरिक दूरी का पालन करने, अरोग्य सेतु डाउनलोड करने, रोग प्रतिरोधक झमता बढ़ाने के लिए घर में बना काढ़ा पीने, मास्क का उपयोग करने व बार-बार हांथ धोने की भी अपील की।

मौके पर जुबिली कॉलेज के प्राचार्य डा. आरके दास, प्रोफेसर अर्जुन मिश्रा, मुखिया प्रेमलता सिन्हा, उप मुखिया अनन्या मुखर्जी, समाजसेवी उदय शंकर भट्टाचार्य, जॉनी रूफीना तिर्की, राबिया, पूजा कुमारी, कुलसुम, सिमरन मुंडा, अंकिता कुमारी, कहंकसा प्रवीण आदि उपस्थित थे।

05/05/2020

Scanned with CamScanner

# संक्रमण से बचाव को ले चित्र बनाकर किया जागरूक



जीएम ऑफिस में चित्र बनाकर व पोस्ट में श्लोगन लिए कोरोना वायरस से बचाव के प्रति जागरूक करते एनएसएस के स्वयं सेवक ● जागरण

संवाद सूत्र, गिद्दी/अरगडा (रामगढ़) : एएसएस जुबिली कॉलेज भुरकुंडा इकाई दो के स्वयंसेवकों ने शनिवार को सिरका जीएम ऑफिस व अरगडा चौक पर कोरोना वायरस के बचाव को लेकर सड़कों पर चित्र बनाया। इस दौरान स्वयं सेवकों ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के संबंध में श्लोगन अंकित पोस्ट लेकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। साथ ही लोगों से शारीरिक दूरी का पालन करने, मास्क का उपयोग करने व बार-बार हांथ धोने के बारे में अपील किया। इसके अलावे स्वयं सेवकों ने रेलीगढ़ा में बच्चों के एनएसएस राविया द्वारा बनाया गया 70 पीस मास्क व सैनिटराइजर का वितरण किया। साथ ही पौधारोपन किया। इस दौरान कोरोना योद्धा डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी, पुलिस व मीडिया कर्मी को धन्यवाद दिया। मौके पर गिद्दी थाना के सअनि रामु महतो, प्रोफेसर अर्जुन मिश्रा, उदय शंकर भंट्टाचार्य आदि उपस्थित थे।

04/05/2020

# स्वयंसेवकों ने सेनेटाइजर का वितरण किया



**गिद्दी(हजारीबाग).** जुबिली कॉलेज इकाई दो की स्वयं सेविकों ने गिद्दी बस्ती मंडाटांड़ व रैलीगढ़ा प्रेमनगर में लोगों के बीच मास्क, सेनेटाइजर व साबुन का वितरण किया. अरगडा जीएम ऑफिस में अधिकारियों, कर्मियों व लोगों के बीच कोरोना को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया. एनएसएस इकाई दो की राबिया, कुलसुम व पूजा कुमारी ने बताया कि हमलोग अपने स्तर से इसका वितरण कर रहे हैं और कोरोना को लेकर जागरूक कर रहे हैं. एनएसएस इकाई दो की स्वयं सेवकों ने गिद्दी थाना प्रभारी व पुलिस कर्मियों से भी मिली. एनएसएस इकाई दो की स्वयं सेवकों ने कहा कि हमें गिद्दी पुलिस से भी सेनेटाइजर मिला है. मौके पर डॉ अर्जुन कुमार मिश्रा, उदयशंकर भट्टाचार्य, रामू महतो, अनिल सिंह उपस्थित थे.

03/05/2020

Scanned with CamScanner




नाटक में शामिल छात्र व अन्य.

# कोरोना जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक

**गिद्दी (हजारीबाग).** एनएसएस इकाई दो जुबिली कॉलेज, भुरकुंडा के तत्वावधान में गिद्दी भुइयां टोली में मंगलवार को कोरोना जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि कोरोना खतरनाक वायरस है. चिकित्सक, नर्स, पुलिस, सफाईकर्मी, मीडियाकर्मी कोरोना फाइटर हैं. सभी अपनी जान जोखिम में डाल कर मानव की सेवा कर रहे हैं. इसके प्रति हम सभी लोगों को जागरूक और लॉकडाउन के नियमों का पालन करना होगा, तभी कोरोना को पराजित किया जा सकता है. नाटक में अंकिता, पूजा, राबिया, सिमरन, निशांत, लीना कपूर, रोनी, लक्की कपूर, अनुपमा कुमारी ने अपनी भूमिका अदा की. डॉक्टर अर्जुन कुमार मिश्रा व उदयशंकर भट्टाचार्या ने कहा कि नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है. कोरोना को पराजित करने के लिए जनता को जागरूक करना बेहद जरूरी है.

13/05/2020

Scanned with CamScanner

NSS DAY - FIT INDIA

# फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत स्लोगन प्रतियोगिता




**गिद्दी (हजारीबाग)**. फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गिद्दी में जुबिली कॉलेज एनएसएस इकाई दो की स्वयं सेविकाओं ने कई छात्राओं के साथ योगाभ्यास, खेलकूद, दौड़, पोस्टर तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया. इस मौके पर आरसीसी गिद्दी की सचिव गौरी सिन्हा ने छात्राओं से स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया. कहा कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं है. उन्होंने कहा कि हम गंभीर रोग से ग्रसित है. रोग को मात देने के लिए हम रोजाना लड़ रहे हैं. कार्यक्रम के संचालनकर्ता उदयशंकर भट्टाचार्य ने कहा कि फिट इंडिया कार्यक्रम देश में पिछले वर्ष शुरू हुआ था. इसका आज एक वर्ष पूरा हो गया है. इस कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में उन्होंने जानकारी दी. मौके पर पूजा कुमारी, अंकिता कुमारी, ममता, पूजा, ललिता, रानी, राबिया, सिमरन, पूजा सिंह, लक्ष्मी, छोटी, कल्पना, नंदिनी, खुशनुमा, गुड़िया, सपना, लवली, प्रीति, शिल्पी, खुशबू उपस्थित थी.

24/09/20

Scanned with CamScanner

Notes

# जरूरतमंद लोगों को करा रहीं भोजन, मिला सम्मान



प्रतिमा सिंह को सम्मानित करते स्वयंसेवक • जागरण

संवाद सूत्र, गिद्दी (रामगढ़) : जुबिली कॉलेज भुरकुंडा एनएसएस इकाई दो स्वयं सेवक व भारत स्काउट गाइड ने गिद्दी आनन्द मार्ग युनिवर्सल रिलिफ टीम ग्लोबल सह भुक्ति प्रधान जेनरल रामगढ़ प्रतिमा देवी सम्मानित किया।

इस दौरान स्वयं सेवकों व स्काउट गाइड ने प्रतिमा देवी को पुष्पगुछ प्रदान किया। मौके पर समाजिक कार्यकार्त उदय शंकर भट्टाचार्या ने बताया कि प्रतिमा देवी व उनकी टीम ने इस वैश्विक महामारी के समय में बीते 17 अप्रैल से नियमित रूप से 24 स्थानों पर लॉकडाउन से जरूरतमंदों के घर-घर जाकर भोजन कराने का कार्य कर रही है। प्रतिमा देवी व उनकी टीम द्वारा समाजहित में किए जा रहे सेवाकार्य से प्रभावित होकर स्वयसेवकों ने सम्मानित करने का कार्य किया है। इस दौरान अरूप घोष ने सिटीजन फोरम स्कूल के ट्रस्ट से सेवा कार्य के लिए आर्थिक सहायता प्रदान किया।

28/05/20

Scanned with CamScanner

# गिद्दी की तीन छात्राएं सम्मानित हुई

**गिद्दी.** कोविड 19 महामारी के दौरान सामाजिक कार्य करने के लिए गिद्दी की तीन छात्राओं को सम्मानित किया गया है. उन्हें यह सम्मान रेक्स कर्मवीर ग्लोबल यूथ फेलोशिप द्वारा दिया गया है. जिन छात्राओं को सम्मानित किया गया है, उनमें पूजा कुमारी, कुलसुम कैसर, राबिया परवीन शामिल हैं. सामाजिक कार्यकर्ता उदय शंकर भट्टाचार्य ने कहा कि गिद्दी में इन छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है, जो गर्व की बात है. उन्होंने छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई दी.

08/02/21

Scanned with CamScanner

**न्यूज ब्रीफ**

## गिद्दी की तीन छात्राओं को सम्मानित किया गया

गिद्दी | गिद्दी की पूजा कुमारी, कुलसुम कौसर व राबिया परवीन को कोविड 19 के दौरान बेहतर कार्य करने के लिए सम्मान मिला है। रैक्स कर्मवीर ग्लोबल यूथ फैलोशिप अवार्ड द्वारा तीनों छात्राओं को कोविड 19 के दौरान जन जागरूकता अभियान चलाने, नुक्कड नाटक करने, मास्क व सेनेटाइजर तथा हैंडवाश बांटने निशुल्क कढ़ाई व सिलाई के लिए नामांकित किया गया है।

08/02/21

Scanned with CamScanner

**कोरोना महामारी** • **कोई बांटा रहा मास्क, तो कोई सेनेटरी पैड**

# कोरोना से जंग में योगदान दे रहे हैं स्वयंसेवक

**गीत व कविता को बनाया जागरूकता का माध्यम**

प्रतिनिधि ▷ भुरकुंडा

कोरोना महामारी से जंग में हर कोई अपने तरीके से योगदान दे रहा है. विशेष कर शिक्षित युवा वर्ग. युवाओं द्वारा जागरूकता के लिए कई तरीके अपनाये जा रहे हैं. राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) से जुड़े स्वयंसेवक भी इस आपदा में लोगों को राहत पहुंचाने व जागरुक करने की मुहिम में जुटे हैं. यह पूरा अभियान एनएसएस के जिला नोडल पदाधिकारी सह जेएम कॉलेज के प्रो अंजनी कुमार सिंह व विभावि की कार्यक्रम समन्वयक डॉ जॉनी रूफीना तिर्की के नेतृत्व में चल रहा है. जेएम कॉलेज व जुबिली कॉलेज, भुरकुंडा से जुड़े स्वयं सेवक अमन हेंब्रम अपनी कविता के माध्यम से सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार कर लोगों को इस महामारी के खिलाफ जागरूक कर रहे हैं. नीतेश विश्वकर्मा भी अपनी गीतों के माध्यम से कोरोना से बचाव का मुहिम चला रहे हैं. रोशन शर्मा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर गरीबों की सेवा में जुटे हैं. रबिया और कुलसुम कौशर घर में मास्क तैयार करती हैं. फिर से जरूरतमंदों तक बांटा जाता है. अंजु कुमारी व कविता कुमारी भी मास्क बनाकर अपने आसपास के जरूरतमंदों को बांट रही हैं. बंटी शर्मा, अंजु ठाकुर, सोनाली कुमारी, स्नेहा मोदी, निशा भारती, नीलम उरांव कहते हैं कि घर में कपड़े का मास्क बनाने के बाद उसे आसपास के क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचा दिया जाता है. इस बीमारी से बचाव में सोशल डिस्टेंस व मास्क की काफी अहमियत है. लक्ष्मीकांत सिंह, राहुल कुमार, आकाश लोहरा आर्थिक रूप से सक्षम लोगों से संपर्क कर उनसे मदद प्राप्त करते हैं. फिर इससे खाद्यान्न सामग्री लेकर जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं. स्वयंसेवक अपने आसपास घूमने वाले कुत्तों व अन्य मवेशियों को भी भोजन करा रहे हैं.



घर में मास्क बनाती युवती.



मास्क बनाने में जुटी युवती.

**सेनेटरी पैड भी कराते हैं उपलब्ध** : लॉकडाउन के कारण दूर-दराज के क्षेत्र की युवतियों व महिलाओं को सेनेटरी पैड मिलने में समस्या हो रही है. इसे देखते हुए अंजु कुमारी, कविता कुमारी व अन्य स्वयंसेवक सेनेटरी पैड की व्यवस्था कर उसे किसी न किसी माध्यम से पहुंचाने की कोशिश में जुटी है. अंजु व कविता ने बताया कि एनएसएस के सदस्य दूर-दराज क्षेत्रों में भी हैं. इनकी मदद से जरूरतमंद तक सेनेटरी पैड पहुंचाने में सफलता मिल रही है.

**स्वयंसेवकों को मिल रहा मार्गदर्शन** : स्वयंसेवकों को अच्छा करने का लगातार मार्गदर्शन मिल रहा है. जेएम कॉलेज के प्राचार्य प्रो रामानुज सिंह, जुबिली कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके दास समेत डॉ विशेश्वर रविदास, डॉ अर्जुन कुमार मिश्रा इन्हें लगातार गाइड कर रहे हैं. नोडल पदाधिकारी प्रो अंजनी कुमार सिंह कहते हैं कि संकट की इस घड़ी में भी बदलाव का एक बड़ा कारण एनएसएस बनना चाहता है. हम सब इसी सोच को आगे बढ़ा रहे हैं.

30/04/2020

Scanned with CamScanner

# गिद्दी में 200 जरूरतमंदों त

## चार दिनों से गिद्दी में युवकों ने घूम-घूम कर असहायों को कर

**हमारे योद्धा**

संवाद सूत्र, गिद्दी (रामगढ़) : गिद्दी पुराना बुधबाजार के युवक चार दिनों से गिद्दी क्षेत्र में घूम-घूम कर जरूरतमंदों को भोजन कराने का कार्य कर रहे हैं। युवकों ने बुधवार को मंडाटाड़, गिद्दी बालिका मध्य विद्यालय के पीछे बस्ती व फुटबॉल मैदान झोपड़पट्टी के 200 प्रभावितों को भात-अंडा कड़ी खिलाने का कार्य किया। युवकों ने बताया कि वे सभी आपसी सहयोग से पैसा एकत्रित कर लॉकडाउन से प्रभावितों को भोजन कराने का कार्य कर रहे हैं। प्रभावितों को भोजन कराना पुण्य का काम है। मौके पर गिद्दी क वार्ड सदस्य सुनील कुमार, विकास सिंह, राजा खान, अनुपम सिंह, गोलु सिंह, विक्की सिंह, अनमोल सिंह, इरशाद आलम, बलजीत सिंह, अभिषेक सिंह, सूरज कुमार, राहुल मिश्रा, दीपक सिंह आदि शामिल हैं। वहीं एनएसएस कार्यकर्ता राबिया प्रवीण ने रेलीगढ़ा में घरेलु उत्पादों से बनाए काढ़ा पिलाया। ताकि कोरोना वायरस से लड़ने के लिए शक्ति प्रतिरोधक क्षमता बना रहे। इस दौरान लोगों से आरोग्य सेतु एप डाउन लोड करने के लिए जागरूक किया।लोगों से कहा गया कि कोरोना से डरें नहीं बल्कि सावधानी से रहते हुए इसे हराएं। सावधानी से रहने पर संक्रमण से बच सकते हैं। हर हाल में लोग शारीरिक दूरी का पालन करें।



प्रभावितों को भोजन करती युवकों की टोला ● जागरण

07/05/2020